# कानून : एक परिचय

# Introduction to Law

# (338)

# शिक्षक अंकित मूल्यांकन पत्र

# Tutor Marked Assignment

कुल अंक: 20
**Max. Marks: 20**

**टिप्पणी:** (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

**Note:** All questions are compulsory. The marks allotted for each question are given beside the questions.

(ii) उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर ऊपर की ओर अपना नाम, नामांकन संख्या, अध्ययन केंद्र का नाम और विषय लिखिए।

Write your name, enrollment number, AI name, and subject on the top of the first page of the answer sheet.

1. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2

   Answer any one of the following questions in about 40-60 words.

   a) परीक्षण कीजिए कि मंत्रिपरिषद किस प्रकार सामूहिक रूप से राज्य की विधान सभा के प्रति उत्तरदायी है। (पाठ-21 देखें)

   Examine how the Council of Ministers is collectively responsible to the Legislative Assembly of the State. (See Lesson-21)

   b) सिविल कानून न केवल निजी पक्षों के बीच विवादों से निपटता है, बल्कि व्यक्तियों के लापरवाह कृत्यों से भी निपटता है जो दूसरों को नुकसान पहुंचाते हैं। आलोचनात्मक विश्लेषण करें। (पाठ-10 देखें)

   Civil Law not only deals with the disputes between private parties, but also with the negligent acts of the individuals that cause harm to others. Critically analyse. (See Lesson-10)

2. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2

   Answer any one of the following questions in about 40-60 words.

   a) लोक अदालतों द्वारा लोगों को सस्ता एवं त्वरित न्याय प्रदान करने में भूमिका का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए। (पाठ-5 देखें)

   Critically examine the role of Lok Adalats in providing cheaper and speedy justice to the people. (See Lesson-5)

   b) उच्च न्यायालय के मूल और अपीलीय क्षेत्राधिकार की तुलना और विरोध को प्रस्तुत करें। (पाठ-13 देखें)

   Compare and contrast the Original and Appellate Jurisdiction of the High Court. (See Lesson-13)



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

3. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 40-60 शब्दों में दीजिए। 2

Answer any one of the following questions in about 40-60 words.

a) आपकी राय में, भारत में एक सामान्य अखिल भारतीय सेवा प्रावधान क्यों है?

(पाठ-17 देखें)

Why, in your opinion, does India have a common all-Indian services provision?

(See Lesson-17)

b) भारतीय संविधान की प्रमुख विशेषताओं का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

(पाठ-17 देखें)

Critically analyse salient features of Indian Constitution. (See Lesson-17)

4. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100-150 शब्दों में दीजिए। 4

Answer any one of the following questions in about 100-150 words.

a) भारतीय संविधान के आपातकालीन प्रावधानों का परीक्षण कीजिए। (पाठ-21 देखें)

Examine the Emergency provisions of Indian Constitution. (See Lesson-21)

b) न्यायालयों और न्यायाधिकरणों की कार्यप्रणाली की तुलना और विरोधी स्थितियों को स्पष्ट कीजिए।

(पाठ-14 देखें)

Compare and contrast the functioning of Courts and Tribunals.

(See Lesson-14)

5. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 100 से 150 शब्दों में दीजिए।4

Answer any one of the following questions in about 100 to 150 words.

a) 'भारतीय संविधान कुछ हद तक कठोर भी है और कुछ हद तक लचीला भी।' विश्लेषण कीजिए। (पाठ-17 देखें)

Indian Constitution is partly rigid as well as partly flexible. Analyse. (See Lesson-17)

b) उत्तराधिकार के हिंदू और मुस्लिम कानून की तुलना और अंतर स्पष्ट कीजिए। (पाठ-3 देखें)

Compare and Contrast Hindu and Muslim Law of Succession. (See Lesson-3)

6. नीचे दी गई परियोजनाओं में से कोई एक परियोजना तैयार कीजिए। 6

Prepare any one project out of the following project given below:

a) पश्चिम बंगाल सरकार ने प्राणी उद्यान की 5 एकड़ संपत्ति ताज समूह को होटल बनाने के लिए पट्टे पर दे दी है, प्राणी उद्यान के श्रमिकों के यहां का सचिव भूमि के इस दान का विरोध करना चाहता है।

i) कौन-कौन से आधार दिए जा सकते हैं?

ii) कौन से निदेशात्मक सिद्धांत लिये जा सकते हैं?

iii) कौन से मौलिक कर्तव्य प्रस्तुत किए जा सकते हैं?

iv) प्रासंगिक कानून का हवाला दीजिए। (पाठ–24 देखें)

Govt. of West Bengal leases 5 acres of Kolkata Zoological Garden property to the Taj Group to build hotels.



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

The Secretary of the Union of workers of the zoological Garden wants to contest the grant of Land.

i) What grounds can be cited?

ii) What Directive Principles can be taken?

iii) Examine the fundamental duties that can be cited?

iv) Cite relevant Case Law. (See Lesson-24)

b) पंजाब निवासी 40 वर्षीय व्यवसायी सुखविंदर, ने मैसर्स सोना कैब ऐप पर 80 कि. मी. यात्रा के लिए एक सोना प्राइम सेडान बुक किया। उनसे एक वातानुकूलित वाहन का वादा किया गया। सफर करते समय उन्होंने यह पाया कि पूरी यात्रा के दौरान कैब के एसी ने काम नहीं किया जिसके कारण अत्यधिक परेशानी रही। यात्रा के दौरान शिकायत दर्ज का कोई विकल्प नहीं होने के कारण कैब किराये के रूप में 2000 रुपये का भुगतान मजबूरी में करना पड़ा। सुखविंदर ने जल्दी ही सोना के कस्टमर केयर से संपर्क किया, जहाँ उन्होंने प्रतिनिधियों को बताया कि एसी किराये का हिस्सा था और उन्हें रिफ़ंड चाहिए। कैब फर्म के प्रतिनिधियों ने बताया कि रेट कार्ड के हिसाब से शुल्क लिया गया है और एसी के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं है।

प्रमुख अधिकारियों से ईमेल से संपर्क करने पर सोना कैब ने स्वीकार किया कि एसी की सेवा को शामिल किया गया था लेकिन रिफ़ंड से इनकार कर दिया और इसके बदले ग्राहक को 100 रुपये का कूपन देने की पेशकश की। सुखविंदर जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग जाते हैं।

i) पैसे वापस लेने के लिए सोना कैब के खिलाफ कौन-कौन से आधार हो सकते हैं?

ii) सुखविंदर राहत या मुआवजे के रूप में क्या मांग सकते है?

iii) प्रासंगिक कानूनों का उल्लेख करें।

(पाठ-28 देखें)

A Businessman Sukhvinder, resident of Punjab aged 40 years, booked from an app M/s Sone Cabs, a Sona Prime Sedan for a journey of 80 km. He was promised an air conditioned vehicle. Sukhvinder found that during the entire trip in the cab, the air conditioner was not functioning putting him extreme discomfort. He had no option to lodge a complaint during the course of journey and was forced to pay Rs. 2000 as cab fare. Soon after Sukhvinder contacted Sona's customer care, telling the representatives that AC was part of the fare and he needed a refund. However, the cab firm representatives told him that he charged as per rate chart and there was no additional charge for AC.

Sukhvinder approached higher authorities of Sona Cab via mail for refund. Sona Cab in an email accepted that AC was included in the service but refused a refund and instead offered Sukhvinder a coupon of Rs. 100. Sukhvinder approached to District Consumer Dispute Commission.

i) Write down the various grounds which can be taken by Sukhvinder for refund of money.

ii) What relief can Sukhvinder ask for?

iii) Cite relevant case laws. (See Lesson-28)



Unnati Educations
9899436384, 9654279279